इस प्रश्न-पत्र में 37 प्रश्न तथा 12 मुद्रित पृष्ठ हैं ।

Code No. / कोड नं. 70/MAY/3

Roll No. / अनुक्रमांक: 2 1 8 5 2 1 2 4 2 5 2 9

Set / सेट **B**

# हिन्दी (201)

Oct 2025

Unnati

Serial No. 112698

Day and Date of Examination
(परीक्षा का दिन व दिनांक) ______________________

Signature of Invigilators 1. ______________________
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ______________________

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से **कोई एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा ।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या 70/MAY/3, सेट - B लिखें ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# हिन्दी

# (201)

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

**निर्देश:**

(i) इस प्रश्न-पत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 37 है।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने दिए गए हैं ।

(iv) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं – **खंड 'अ'** और **खंड 'ब'** ।

(v) **खंड 'अ'** में वस्तुनिष्ठ/बहुविकल्पीय और **खंड 'ब'** में विषयनिष्ठ/वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(vi) **खंड 'अ'** में कुल 27 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 1 से 5 पठित कविता पर, प्रश्न संख्या 6 अपठित कविता पर, प्रश्न संख्या 7 से 19 पठित गद्य पर, प्रश्न संख्या 20 अपठित गद्यांश पर और प्रश्न संख्या 21 से 27 व्याकरण पर आधारित प्रश्न हैं।

(vii) **खंड 'ब'** में कुल 10 प्रश्न हैं। इसमें प्रश्न संख्या 28 से 30 पठित कविता पर, प्रश्न संख्या 31 से 34 पठित गद्य पर तथा प्रश्न संख्या 35 से 37 लेखन कौशल पर आधारित प्रश्न हैं। प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

---

**सामान्य अनुदेश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(2) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2.15 बजे किया जाएगा। 2.15 बजे से 02.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड - 'अ'

### (वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(क) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता के अनुसार पेड़-पौधों, नदियों, पर्वतों और हवा को नष्ट एवं .......... होने से बचाना मनुष्य का .......... है। [1+1=2]

(ख) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के कवि तालाब और उसमें स्थित ........ के ........... साहचर्य को व्यक्त करते हैं। [2]

2. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए -

(क) 'आह्वान' कविता के अनुसार .......... और .......... के बिना जीवन में कुछ प्राप्त नहीं किया जा सकता। [1+1=2]

(ख) 'आज़ादी' कविता के अनुसार ............ को कर्म में बदलने वाले को ही ........ कहा जाता है। [1+1=2]

निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए -

3. 'रहीम' कहते हैं कि वर्षा ऋतु के आने पर .......... मौन साध लेती है। [1]

4. 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता के अनुसार 'बगुला' किसका प्रतीक है? [1]

(क) शोषित का
(ख) मज़दूर का
(ग) भूखे व्यक्ति का
(घ) शोषक का

5. निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए -

(क) स्वाधीनता के बाद भी कुछ लोगों को .......... का उचित फल नहीं मिला इसलिए उन्हें वास्तविकआज़ादी नहीं मिली। [1]

(ख) 'कबीर' के अनुसार अच्छा गुरु शिष्य को ज्ञानवान बनाने के साथ-साथ .......... बनाने का भी कार्य करता है। [1]

(ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में कवयित्री ने पृथ्वी को ....... .......... के रूप में प्रस्तुत करते हुए उस के दुख को प्रकट किया है। [1]



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

6. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए – [4×1=4]

मेघ आए बड़े बन – ठन के संवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली,
दरवाज़े-खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के।
मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के।
पेड़ झुके झाँकने लगे गरदन उचकाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उठा, नदी ठिठकी, धूंघट सरके।
मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के।
बूढे पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की,
बरस बाद सुधि लीन्हीं,
बोली अकुलाई लता ओट से किवार से,
हर साया ताल, लाया पानी परात भरके ।
मेघ आए बड़े बन-ठन के संवर के ।
क्षितिज-अटारी गहराई दामिनी दमकी।
'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की'
बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढर के ।
मेघ आए बड़े बन ठन के संवर के ।।

प्रश्न –

(क) मेघ के आगमन का चित्रण किस रूप में हुआ है?
(i) बसंत ऋतु के सौंदर्य से
(ii) मदारी के तमाशे से
(iii) गाँव में शहर से आए मेहमान से
(iv) तीव्र वेग से आती सेना से

(ख) मेघो का स्वागत किसने किया?
(i) बूढ़े पीपल ने
(ii) नदी ने
(iii) लता ने
(iv) फूलों ने

(ग) 'बरस बाद सुध लीन्हीं' में प्रिया के किस भाव की अभिव्यक्ति हुई है?
(i) प्रेम भाव की
(ii) उपालंभ की
(iii) उदारता की
(iv) कृतज्ञता की

(घ) 'बाँध टूटा झर-झर मिलन के अश्रु ढरके' का आशय है ............
(i) बहुत अधिक बरसात हुई।
(ii) बहुत दिनों बाद मिलकर आनंदित हुए।
(iii) नदी पर बनाया गया बाँध टूट गया।
(iv) प्रिया-प्रियतम के मिलन से खुशी के आँसू छलक उठे।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

7. नीचे दिए गए पाठों और पात्रों के सही युग्म चुनिए और उन्हें अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए - [2×1=2]

| पाठ का नाम | पात्र का नाम |
|---|---|
| शतरंज के खिलाड़ी | गाँधीजी |
| नाखून क्यों बढ़ते हैं? | बावरची |

8. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - [2×1=2]

(क) बहादुर कहानी के अनुसार किशोर काफी ............ और रौब-दाब से रहने का कायल था।

(ख) अंधेर नगरी नाटक में भिश्ती अपनी सफाई देता हुआ कहता है कि महाराज! गुलाम का कोई कसूर नहीं, कसाई ने ......... इतनी बड़ी बनाई कि उसमें पानी जादे आ गया।

निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए रिक्त स्थान भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए -

9. "तोप खाना भी है। कोई पाँच हज़ार आदमी होंगे, कैसे-कैसे जवान हैं।" शतरंज के खिलाड़ी कहानी में यह कथन किसका है? [1]

(क) मिरज़ा (ख) मीर

(ग) बादशाह (घ) बेगम

10. समाचार पत्र की प्रकाशन- तिथि से एक दिन पूर्व की दी गई होती है क्योंकि - [1]

(क) अखबार रात को छपते हैं। (ख) तिथि भूल जाते हैं।

(ग) तिथि को महत्त्व नहीं देते। (घ) अखबार दिन में छपते हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

11. 'बहादुर' कहानी में निर्मला ने बहादुर के लिए रोटियाँ बनाना बंद कर दिया क्योंकि ........... [1]

(क) वह आलसी हो गई थी। (ख) उसकी ममता मर चुकी थी।

(ग) उसे मुहल्ले की औरतों ने सिखाया था (घ) वह बूढ़ी हो गई थी।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

12. 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के अनुसार लेखक ने रूढ़ियों को मोह त्यागने के लिए किसका उदाहरण दिया है? [1]

(क) शेर (ख) हाथी

(ग) बंदरिया (घ) बिल्ली

13. आपके द्वारा पिताजी को लिखा जाने वाला पत्र किस प्रकार का होता है? [1]

(क) औपचारिक (ख) कार्यालयी

(ग) व्यक्तिगत (घ) प्रार्थनापत्र

निम्नलिखित प्रश्नों के रिक्त स्थान एक शब्द या वाक्यांश से भरिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

14. 'अंधेर नगरी' नाटक में गुरु गोबरधनदास को अंतिम ......... देना चाहते थे। ऐसा उन्होंने ......... से कहा। [1]

15. निबंध लिखते समय प्रत्येक नई बात नए ........... से प्रारंभ करें और उस अनुच्छेद में उसी बात पर अपने ............ लिखें। [1]

16. रिक्त स्थान भरिए – [2]

(क) 'सुखी राजकुमार' कहानी के लेखक का नाम ........... है।

(ख) अंधेर नगरी नाटक में महंत अपने शिष्य को लालच में पड़कर ............ की भावना के नष्ट हो जाने का भी संदेश देता है।

17. निम्नलिखित संवाद किस पात्र के हैं? पहचान कीजिए और रिक्त स्थान भरिए – [2×1=2]

(क) "कहने की बात नहीं है। मैं कल खुद आऊँगा, साथ ले जाने का हुक्म हुआ है।" ..............

(ख) "एक बार भी अगर बहादुर आ जाता तो मैं उसको पकड़ लेता और कभी जाने न देता।" ..............

18. नीचे दिए गए कथनों को उत्तर-पुस्तिका में लिखिए और बताइए की वे सही है या गलत।

(क) 'सुखी राजकुमार' कहानी के अनुसार दक्षिण देश के लोग गौरैया का इंतज़ार कर रहे थे। [1]

(ख) अंधेर नगरी में व्यक्ति और वस्तु के गुणों की कदर होती थी। [1]



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

19. अखबारों में ............ के हिसाब से समाचार–संपादक समाचारों का सार–लेखन करते हैं जबकि आकाशवाणी और दूरदर्शन पर ......... के हिसाब से यही काम किया जाता है। [1+1=2]

(क) जगह, समय
(ख) समय, महत्व
(ग) जगह, कार्य
(घ) मनोरंजन, कुशलता

20. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए – [4×1=4]

मानव जीवन में आत्मसम्मान का अत्यधिक महत्व है। आत्मसम्मान में अपने व्यक्तित्व को अधिकाधिक सशक्त एवं प्रतिष्ठित बनाने की भावना निहित होती है। इससे शक्ति, साहस, उत्साह आदि गुणों का जन्म होता है तो जीवन की उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। आत्मसम्मान की भावना से पूर्ण व्यक्ति संघर्षों की परवाह नहीं करता है और हर विषम परिस्थिति से टक्कर लेता है। ऐसे व्यक्ति जीवन में पराजय का मुँह नहीं देखते और निरन्तर यश की प्राप्ति करते हैं। आत्मसम्मानी व्यक्ति धर्म, सत्य, न्याय और नीति के पथ का अनुगमन करता है। उसके जीवन में ही सच्चे सुख और शांति का निवास होता है। परोपकार, जनसेवा जैसे कार्यों में उसकी रुचि होती है। लोकप्रियता और सामाजिक प्रतिष्ठा उसे सहज ही प्राप्त होती है। ऐसे व्यक्ति में अपने राष्ट्र के प्रति सच्ची निष्ठा होती है तथा मातृभूमि की उन्नति के लिए वह अपने प्राणों को उत्सर्ग करने में सुख की अनुभूति करता है। चूंकि आत्मसम्मानी व्यक्ति अपने अथवा दूसरों की आत्मा का हनन नही करता है इसलिए वह ईर्ष्या–द्वेष जैसी भावनाओं से मुक्त होकर मानव मात्र को अपने परिवार का अंग मानता है। उसके हृदय में स्वार्थ, लोभ और अहंकार का भाव नहीं होता ।

प्रश्न –

(क) जीवन में उन्नति का मार्ग इनमें से कौन प्रशस्त करते हैं?

(i) स्वार्थ, अंहकार, मोह
(ii) विजय, न्याय, सत्य
(iii) उत्साह, शक्ति, साहस
(iv) घमंड, लालच, कुटिलता

(ख) आत्मसम्मान रखनेवाले व्यक्ति निरंतर किसकी प्राप्ति करते हैं?

(i) धन की
(ii) परोपकार की
(iii) यश की
(iv) अपनत्व की

(ग) आत्मसम्मानी व्यक्ति मातृभूमि की उन्नति के लिए क्या करता है?

(i) धन देता है
(ii) अपना जीवन कुर्बान कर देता है
(iii) अपना सुख त्याग देता है
(iv) अपने और पराएपन की भावना त्याग देता है

(घ) आत्मसम्मानी व्यक्ति के हृदय में इनमें से कौन–सा भाव नहीं होता है?

(i) शक्ति
(ii) साहस
(iii) उत्साह
(iv) लोभ



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए –

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए – [2×1=2]

(क) 'प्रदान' शब्द में ............ उपसर्ग है।

(ख) 'चुनौती' शब्द में ....... प्रत्यय है।

22. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए – [2×1=2]

(क) खिड़की, काम, जहाज और साँप में से देशज शब्द हैं ............

(ख) कमरा, बहादुर, सूर्य और दुकान में से तत्सम शब्द हैं ...............

23. 'खाक छानना' मुहावरे का अर्थ है – [1]

(क) भटकना

(ख) डर जाना

(ग) टाल–मटोल करना

(घ) उदासीन हो जाना

24. 'हाथों–हाथ' पद ............ समास का उदाहरण है – [1]

(क) कर्मधारय

(ख) द्वंद्व

(ग) अव्ययीभाव

(घ) द्विगु

25. निम्नलिखित वाक्यों में शुद्ध वाक्य है – [1]

(क) यहाँ भैंस का ताज़ी दूध मिलता है।

(ख) यहाँ भैंस का ताज़ा दूध मिलता है।

(ग) यहाँ दूध मिलता है ताज़ा भैंस का।

(घ) यहाँ ताज़ा भैंस का दूध मिलता है।

26. हम लोग तैरने के लिए नदी पर गए थे। [1]

(क) संयुक्त

(ख) मिश्र

(ग) सरल

(घ) प्रश्नवाचक

27. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए – [2×1=2]

(क) 'धर्मात्मा' का संधि विच्छेद .............. है।

(ख) 'महैश्वर्य' का संधि विच्छेद .............. है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## खंड - 'ब'

### (विषयनिष्ठ / वर्णनात्मक)

28. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए - [3]

"या उत्तर दिशा में दौड़ती सीटी
बजाती रेलगाड़ी?
या अंधेरे में चलता मुसाफिर जिसकी,
कामना करता है
वह लैंप पोस्ट?
निश्चित नींद?
या इस अनंत कपड़े, शाश्वत रूप से गतिमान पहिए,
और कभी न रुकने वाली सुई से मेरी मुक्ति?"

अथवा

खैर, खून, खाँसी, खुसी, वैर, प्रीति, मदपान।
रहिमन दाबे न दबैं, जानत सकल जहान ॥

29. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए - [3×2=6]

(क) कबीर ने गुरु की क्या विशेषताएँ बताई हैं?

(ख) आह्वान कविता में कवि देशवासियों का उद्बोधन करते हुए कौन सा उदाहरण देते है?

(ग) पर्यावरण का अर्थ लिखिए। हमें पर्यावरण की रक्षा करने का दायित्व क्यों निभाना चाहिए?

(घ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में व्यक्त प्रकृति-चित्रण पर टिप्पणी कीजिए।

30. निम्नलिखित काव्यांश के कवि और कविता का नामोल्लेख करते हुए काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए - [4]

जो लोग पीछे थे तुम्हारे,
बढ़ गए, हैं बढ़ रहे,
पीछे पड़े तुम, दैव के सिर दोष अपना मढ़ रहे!
पर कर्म-तैल बिना कभी विधि - दीप जल सकता नहीं
है दैव क्या? साँचे बिना कुछ आप ढल सकता नहीं ॥



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

अथवा

और पैरो के तले है एक पोखर,

उठ रहीं इसमें लहरियाँ,

नील तल में तो उगी है घास भूरी,

ले रही वह भी लहरियाँ।

एक चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा

आँख को है चकमकाता।

ISMIN

31. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए - [2×2=4]

any 2

(क) 'बहादुर कहानी के आधार पर बताइए कि आप बाल श्रम जैसी कुरीति को दूर करने के लिए क्या प्रयास करेंगे?

(ख) समाचारों की भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'सुखी राजकुमार' कहानी में लेखक ने मानवीय गुणों और कर्मों को सुन्दर कहा है। आप लेखक के इस विचार से कहाँ तक सहमत हैं? लिखिए।

32. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - [5]

इस घटना के बाद बहादुर काफ़ी डाँट - मार खाने लगा। घर के सभी लोग उसको कुत्ते की तरह दुरदुराया करते। किशोर तो जैसे उसकी जान के पीछे पड़ गया था। वह उदास रहने लगा और काम में लापरवाही करने लगा। एक दिन मैं दफ्तर से विलंब से आया। निर्मला आँगन में चुपचाप सिर पर हाथ रखकर बैठी थी। अन्य लड़को का पता नहीं था, केवल लड़की अपनी माँ के पास खड़ी थी। अँगीठी अभी जली नहीं थी। आँगन गंदा पड़ा था। बर्तन बिना मले हुए रखे थे। सारा घर जैसे काट रहा था।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए। [1]

(ख) किशोर के व्यवहार का बहादुर पर क्या प्रभाव पड़ा? [2]

(ग) वाचक ने दफ्तर से घर आकर क्या देखा? [2]



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

अथवा

राज्य में हाहाकार मचा हुआ था। प्रजा दिन – दहाड़े लूटी जाती थी। कोई फरियाद सुनने वाला न था। देहातों की सारी दौलत लखनऊ में खिंची आती थी और विलासिता के अंगों की पूर्ति में उड़ जाती थी । अंग्रेज कम्पनी का ऋण दिन-दिन बढ़ता जाता था। कमली दिन-दिन भीगकर भारी होती जाती थी। देश में सुव्यवस्था न होने के कारण वार्षिक कर भी वसूल न होता था। रेजीडेंट बार-बार चेतावनी देता था, पर यहाँ तो लोग विलासिता के नशे में चूर थे, किसी के कानों पर जूँ न रेंगती थी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए । [1]

(ख) राज्य में हाहाकार क्यों मचा हुआ था? [2]

(ग) इस गद्यांश की भाषा-शैली पर प्रकाश डालिए । [2]

33. निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – [5]

कालिदास ने कहा था कि सब पुराने अच्छे नहीं होते, सब नए खराब नहीं होते । भले लोग दोनों की जाँच कर लेते हैं, जो हितकर होता है, उसे ग्रहण करते हैं और मूढ लोग दूसरों के इशारे पर भटकते रहते हैं। सो, हमें परीक्षा करके हितकर बात सोच लेनी होगी और पूर्व संचित भंडार में वह हितकर वस्तु निकल आए, तो इससे बढ़कर और क्या हो सकता है?

अथवा

नीचे गली में "राजकुमार ने कहा", एक लड़की खड़ी है। उसका सौदा नाली में गिर गया है और वह रो रही है। यदि वह खाली हाथ घर जाएगी, तो उसका पिता उसे मारेगा । उसके पैरो में जूता नहीं है, उसका सिर नंगा है। मेरी दूसरी आँख निकाल कर उसे दे दो, तो वह मार से बच जाएगी।" "कहो तो मैं आज रातभर और रूक जाऊँ, मगर मैं तुम्हारी आँख नहीं निकालूँगी। फिर तो तुम बिल्कुल ही अंधे हो जाओगे।"

34. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर 20 से 25 शब्दों में लिखिए – [3×2=6]

(क) सुखी राजकुमार कहानी में ईश्वर देवदूत से क्या लेकर आने को कहा? देवदूत ने ईश्वर को क्या लाकर दिए?

(ख) अंधेर नगरी के राजा का चरित्र चित्रण कीजिए ।

(ग) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में वाजिदअली शाह के जमाने का जो चित्र चित्रित किया है, उसका वर्णन कीजिए।

(घ) 'नाखून क्यों बढ़ते है?' पाठ के लेखक विश्व शांति के लिए क्या आवश्यक मानते हैं?

[Contd......



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Oct-25

35. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए – [7]

(क) साँच बराबर तप नहीं

(ख) जीवन में खेलो का महत्त्व

(ग) नागरिक के कर्त्तव्य और अधिकार

(घ) किसी रेलवे स्टेशन का दृश्य

36. निम्नलिखित गद्यांश का सार एक तिहाई शब्दों में लिखिए – [5]

परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन ही अटल सत्य है। अतः पर्यावरण में परिवर्तन हो रहा है। यह चिन्ता का विषय है कि जो परिवर्तन शताब्दी के अंतराल में हुआ करता था, वे अब दशक में होने लग गए हैं। 10 वी शताब्दी में सुपर सोनिक वायुयानों का आविष्कार हुआ और वे ऊपरी आकाश में उड़ाए जाने लगे। उन वायुयानों के द्वारा निकले पदार्थो में उपस्थित नाइट्रिक ऑक्साइड के द्वारा ओजोन परत का क्षय महसूस किया गया। यह ओजोन परत वायुमंडल के समताप मंडल या बाहरी घेरे में होती है। ग्लोबल–वार्मिंग का अभिप्राय–पृथ्वी पर तापमान का अध्यधिक बढ़ना है। वातावरण में गर्मी बढ़ रही है। जिससे वायुमंडल गर्म हो रहा है इसका प्रभाव समस्त जनजीवन और प्रकृति सभी पर पड़ेगा। बर्फ के पहाड़ पिघलेंगे जिससे बाढ़ आएगी। हर तरफ तबाही व विनाश का साम्राज्य होगा। अत्यधिक ऊर्जा के कारण ओजोन परत में छेद हो सकता है। इसके लिए ऊर्जा – संसाधनों के अनावश्यक उपयोग को रोकना चाहिए। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर धरती को हरा भरा रखना होगा ताकि ग्लोबल वार्मिंक के खतरे को टाला जा सके।

37. नगर निगम के सड़क निर्माण विभाग को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि उनके कर्मचारी महीने भर पहले आपकी कॉलोनी में सड़क खोदकर चले गए और अब कोई भी सड़क बनाने नही आ रहा है। उनसे अनुरोध कीजिए कि इस समस्या का शीघ्र समाधान करवा दें। [5]

अथवा

छात्रावास में अपनी दिनचर्या बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

fow, TMA Solv, Guess Paper, NOTES



Unnati Educations
9899436384, 9654279279